## भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**पाटन ।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम की श्रृंखला के अन्तर्गत महाराणा प्रताप के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भाषण प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ मदन लाल मीना के सानिध्य में आयोजित की गई।

कार्यकम अधिकारी डॉ योगेश कुमार सबल ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियो ने भाग लिया। विद्यार्थियो के विचार अत्यन्त प्रभावकारी थे। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के सहा. आचार्य सुश्री किरण यादव, सहा. आचार्य सुश्री ज्योति शर्मा तथा डॉ ओमप्रकाश वर्मा रहे। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि महाराणा प्रताप की जीवनी से स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति त्याग एवं समरसता की प्रेरणा ली जाकर देश को समृद्ध एवं सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अन्त में प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि प्रथम स्थान पर नचिता गुर्जर, द्वितीय स्थान पर मोनका यादव एवं नचिता कुमावत संयुक्त रुप से जबकि तृतीय स्थान पर फिजा बानो एवं सुमन गुर्जर संयुक्त रुप से रहीं।

# अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं का करें त्वरित निस्तारण, परिवादी को भी करायें अवगत : कलेक्टर

**सीकर, ।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रात्रि चौपाल में आने वाली आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने यह निर्देश बुधवार को पंचायत समिति दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत पचार में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुनते हुए दिए।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन परिवेदनाओं का निस्तारण जिला स्तर पर संभव हैं उनका शीघ्र निस्तारण करें तथा ऐसी परिवेदनाएं जो राज्य स्तर से संबंधित हैं, जिनमें स्वीकृति आवश्यक हैं अथवा प्रस्ताव भेजना हैं, ऐसी तमाम परिवेदनाओं की जानकारी परिवादी को दी जाएं, जिससे वह संतुष्ट हो सकें। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल में आई सभी परिवेदनाओं को गंभीरता से लेकर शीघ्र निस्तारण का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो प्रकरण स्थानीय स्तर पर निस्तारित होने वाले है उन्हें उपखण्ड, जिला स्तर पर निस्तारित



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

किया जायेगा, इसके साथ ही जो प्रकरण राज्य, राष्ट्रीय स्तर के है उन्हें उच्च स्तर पर सरकार को भेजकर पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर शर्मा ने ग्रामवासियों से अपील की है कि आमजन की जागरूकता प्रशासन के कार्यों की सक्रिय सहभागिता होती हैं। रात्रि चौपाल में कुल 65 परिवाद प्राप्त हुए है। जिनमें खाचरियावास में अवैध अतिक्रमण हटवाकर शेष रही स्टेट हाईवे रोड का निर्माण करवाने, गौचर व शमसान भूमि से अतिक्रमण हटवाने, कुशलपुरा में आम रास्ते पर अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खुलवाने, दूधवा में सड़क निर्माण के चलते पेयजल सप्लाई बाधित होने, ममता देवी ने आवास योजना आवास की भूमि का आवंटन करवाने, भोमाराम रैगर ने राजस्व रिकॉर्ड में गलत नामकरण का शुद्धिकरण करवाने, रामलाल रैगर ने अतिक्रमण हटवाने, जमाबंदी में खाता दुरस्त कारवाने, खाचरियावास में वार्ड नम्बर 4 में शीघ्र नाली बनवाने के लिए ग्राम पंचायत को पाबंद करवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, किसान सभा ने फसल का अनुदान आदान का मुआवजा दिलवाने, पचार पीएचसी में रिक्त डॉक्टर के पद भरने, रा.उ.प्रा.वि. बड़ गुजरी तलाई की भूमि आवंटन के लिए, मंदिरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन दूसरी जगह शिफ्ट करवाने, डांसरोली में आबादी भूमि व आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, खाचरियावास के वार्ड नंबर 7 में रास्ता खुलवाने, ग्राम कुली बस स्टैंड पर जल भराव की समस्या दुरुस्त करवाने, गौशाला करड़ में स्वीकृत नवीन भवन का निर्माण करवाने, विजयलक्ष्मी ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने, दांतारामगढ़ बस स्टैंड से अतिक्रमण हटवाने, आबादी विस्तार में पट्टा दिलवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण के संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी दी।

## सार-समाचार

### लड़कियों ने फिर लहराया परचम



**तारानगर ।** चूरू के राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68 वीं अंडर -17 व अंडर 19 जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी बालिका स्कूल की 6 छात्राओं ने गोल्ड मेडल व 3 छात्राओं ने सिल्वर मेडल जीते। विद्यालय की प्रिंसिपल भारती इंसा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय की कुल 14 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कल्पना, पीहू, निकिता, हिमांशी, गर्वी, कनिका आदि के गोल्ड मेडल व रोमन, कोमल, पूजा आदि ने सिल्वर मेडल हासिल कर अपने माता पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल भारती इंसा ने इस सबका श्रेय पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा व बच्चों की मेहनत को बताया है जिसकी बदौलत बच्चे इस मुकाम पर पहुंचे है। प्रिंसिपल भारती ने बताया कि गुरूजी समय समय पर छात्राओं को शिक्षा व खेल के बारे में गाइड करते रहते है। प्रिंसिपल भारती ने विजेता खिलाड़ियों की जीत की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की तथा ऐसे ही कडी मेहनत कर आगे बढ़ते रहने को कहा।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

**रतनगढ़( निसं )** श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आज 20 सितम्बर को अखिल भारतीय 35 वीं राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह पूर्वक होगा। समारोह में जिला प्रमुख चूरू वंदना आर्य, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, नगरपालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत, राष्ट्रीय खेल संयोजक ललित मोहन, अध्यक्ष आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू मदनलाल प्रजापत रहेंगे। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 54 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेगी

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**सीकर ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश सीकर के निर्देशानुसार सीकर जिले में विधिक जागरूकता शिविर के लिए मोबाईल वेन का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को ग्राम नानी, फागलवा, चैलासी एवं सीकर शहर के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर आमजन को विधिक प्रावधानों, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा स्कीम, पीडित प्रतिकर स्कीम, अस्पर्शयता निषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम, श्रमिकों के अधिकार एवं 28 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारें में जानकारी प्रदान की। इस दौरान जागरूकता टीम के चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल बृजेन्द्र सिंह,पीएलवी ओमप्रकाश पुरोहित, युवा अधिवक्ता दिनेश कुमार, प्रहलाद कुमावत उपस्थित रहे।

### युवा कांगेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**चूरू, ( कासं. )।** कांगेस नेता राहुल गांधी के प्रति भाजपा नेताओं की ओर से आपतिजनक टिप्पणी के विरोध में युवा कांगेस के चूरू विधानसभा अध्यक्ष सोयल खान डीके एवं युवा कांगेस के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एडवोकेट सदाम हुसैन के संयुक्त नेतृत्व में एवं शहर ब्लॉक कांगेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर एवं उप सभापति के प्रतिनिधि रमजान खान के सानिध्य में विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही राहुल गांधी के प्रति आपतिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अजीज खान दिलावरखानी, प्रीत चांवरिया, वसीम चौहान, अभिषेक पंवार, अली मोहम्मद भाटी, मुकेश कुमार, असलम खान मोयल, प्रेमचंद, खालिद कुरैशी, जयसिंह नायक, तोफिक खान, आर विनायक, मोहम्मद आसिफ निर्वाण, अमित कुमार, सम्मी उल्लाह, लोकेश कल्ला, फारूक खान, अजीज गोरी, महेन्द्र, अब्दुला कुरेशी, अल्ताफ रंगरेज, इब्राहिम सिसोदिया, चद्रभान, इमरान सिसोदिया, बंजरग, इकबाल, कमलेश कुमार, निसार खान, विनोद, फारूक रंगरेज, सुलेमान मणीयार, ऐजाज मलणस आदि उपस्थित थे।

### 87 मेधावी विद्यार्थियों को मिले टेबलेट

**सीकर ।** राजस्थान सरकार की निःशुल्क टेबलेट वितरण योजना के तहत राजकीय कल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर में गुरुवार को टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।सन्दर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत 87 मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क टेबलेट वितरण किए गए हैं। बहादुर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोजासर बड़ा की प्रधानाचार्या अम्बिका चौधरी ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों को एक एक चार्जर, मोबाईल सिम तीन वर्ष के कनेक्शन सहित टेबलेट प्रदान किए गए वहीं विद्यालय की मेधावी छात्रा किरण राठौर को निःशुल्क टेबलेट प्रदान किया गया है। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किरण सैनी ने सभी मेघावी विधार्थियों को टेबलेट मिलने पर बधाईयां दी।

### सड़कों की हालत सुधारने की मांग

**चूरू, ( कासं. )।** चूरू शहर की पी डब्ल्यू डी के अधीन आने वाली सड़कों की हालत सुधारने के लिए यूथ फॉर स्वराज संगठन के जिला संयोजक राजेश चौधरी ने जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र दिया है। राजेश चौधरी ने बताया कि बहुत बार शिकायत के बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण जल भराव एवं गड्ढे जैसी समस्याएं हो गई है। मेडिकल कॉलेज के आगे बनी पी डब्ल्यू डी सड़क के लेवल में नहीं है।

## एसपी शरद चौधरी का एक और नवाचार

**झुंझुनूं, ।** एसपी शरद चौधरी लोगों की मदद के लिए नवाचार कर रहे हैं। बड़ी आसानी से लोग मदद के लिए पुलिस के पास पहुंचे। लोगों की समस्याओं की मॉनिटरिंग हो और किसी शिकायत का जल्द जल्द समाधान हो। पुलिस ने महिलाओं के लिए, प्रेमी युगल के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए, सेना में कार्यरत जवानों के लिए और आम आदमी के लिए वॉट्सऐप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है। इसके वाट्सअप नंबर जारी किए गए है। हेल्प डेस्क की 24 घंटे मॉनिटरिंग होगी।

झुंझुनूं पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए महिला हेल्पलाइन वॉट्सऐप नंबर 8764861631 जारी किया गया है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे और सातों दिन कार्यरत रहेगा। इसके माध्यम से महिलाओं को जिला पुलिस द्वारा तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। इस हेल्पलाइन का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, शोषण या अन्य किसी प्रकार की आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी मदद उपलब्ध कराना है। हेल्पलाइन पर कॉल करने वाली महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त पूर्व से महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पूरे देश के लिए जारी है। जिन पर भी महिलाएं सहायता प्राप्त कर सकती हैं। जिला पुलिस द्वारा पहले से ही आमजन के लिए हेल्पलाइन नंबर 9530415980 जारी किया हुआ है। जिस पर आमजन अपनी शिकायत, किसी अपराध की सूचना दर्ज करवा सकते हैं।सेना में कार्यरत जवानों के लिए हेल्पलाइन नंबर 9530415944 जारी है। जिस पर सेना के जवान अपनी शिकायत ड्यूटी पर रहते हुए भी दर्ज करवा सकते हैं। इस नंबर पर आने वाली हर शिकायत की जांच होगी। प्रेमी युगल को मिलने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों की रक्षा समाज में प्रेमी युगल को मिलने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए झुंझुनूं पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 8764861681 जारी किया गया है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**चूरू, ( कासं. )।** मानक क्लब महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम खासोली के तत्वावधान में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्देशित स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत भारतीय मानक कैसे एक स्वच्छ व स्वस्थ भविष्य की दिशा को आकार दे रहे हैं विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य गीता भाटिया की अध्यक्षता में किया गया। क्लब के मेंटोर व संदर्भ व्यक्ति शिवकुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 9 से 12 के कुल 59 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से प्रथम स्थान कक्षा 12 की पूजा रुयल, द्वितीय स्थान कक्षा 9 की चंचल व तृतीय स्थान कक्षा 12 की मोनिका कुमारी प्रजापत ने प्राप्त किया। जबकि कक्षा 9 की महिमा सैनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को पुरुस्कार स्वरूप स्कूल बैग मय कलर किट प्रदान किये गए। निर्णायक प्राध्यापक भंवरलाल, विकास पूनिया एवं अध्यापिका सुधा शर्मा रही। इस कार्य में धर्मेन्द्र सोलंकी, ताराचंद खेड़ीवाल, रणवीर सिंह धींधवाल, अनिल कुमार, रणजीत कुमार एवं जुगल सेन ने सहयोगी की भूमिका निभाई।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**सीकर, ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर के संयोजक जितेंद्र सिंह रानोली ने बताया कि सेवा प्रकल्पों की श्रृंखला में जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में 274 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विशेष रूप से मौजूद होकर रक्तवीरों का हौंसला बढ़ाया।



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस सेवा पखवाड़ा में नर को नारायण मानकर सेवा कार्य कर रहा है। इस रक्तदान के पुनीत कार्य से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकेगी। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े में पूरे जिले में अनेक सेवा कार्यक्रम निरन्तर चल रहे है। कहा कि भाजयुमो द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत ही सराहनीय है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, जिला महामंत्री बलवंत सिंह चिराना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूसिंह बाजोर, गोविंदराम सैनी, सेवा पखवाड़ा के जिला सह संयोजक विष्णु काबरा, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, गिरधारी महाराज, जगदीश कुमावत, नेमीचंद कुमावत, ओमप्रकाश बिजारणिया, प्रतीक माटोलिया, यशोवर्धन मेघवाल, जितेंद्र बाजिया, मोहन गुर्जर, विकास यादव, हरिओम भादरा, रमेश जलधारी, जितेंद्र कारंगा, निश्चय जीनगर, दुर्गा हटवाल, शारदा काबरा, सुरेश सैनी, सीमा अग्रवाल, अतुल शर्मा, रविंद्र गहलोत, मुकेश कुमार श्यामपुर आदि मौजूद रहे।

## गंदे पानी के नाले ने मौहल्ले को दो भागों में बांटा

**रतनगढ( निसं )।** स्थानीय वार्ड संख्या 07 में भुवालका बालिका विद्यालय भवन के पिछे स्थित मोहल्ले को गन्दे पानी के नाले ने दो भागों में बांटकर रख दिया। देवानंद चोटिया ने बताया कि कभी इस वार्ड की पूरे शहर में चर्चा रहती थी, क्योंकि इस वार्ड का प्रतिनिधित्व दबंग राजनीतिक व स्पष्टवादिता के पयार्वाची स्व. बंशीधर महर्षि करते थे। स्व. महर्षि व उनकी धर्मपत्नी पार्षद रहे हैं। लेकिन आज यह वार्ड गंदगी के आलम में जी रहा है, वार्डवासी वर्षों से गंदे पानी परेशानी से झुझ रहे हैं। इस संबंध में कई दफा वर्तमान वार्ड पार्षद व पालिका प्रशासन को सूचना के व बावजूद समस्या ज्यों की त्यों पडी है। पूर्व पार्षद भारत भूषण चौपाल ने बताया कि भुवालका बालिका विद्यालय भवन के पिछे स्थित मोहल्ले में एक साईड में बालाजी मंदिर की छोटी बुगलीं बनी हुई है उसके पास से ही गंदे पानी का नाला निकलते हुए दूसरे किनारे की और जा रहा है, जिससे यह मौहल्ला दो भागों में बांटा हुआ है। लोगों को उस मोहल्ले के घरों में जाने के लिए काठ के पांच फुटा फंटा डालकर पार करना पड़ता है। उक्त मौहल्ले में लगभग 19 मकान है। मौहल्ले वासियों ने बताया कि वर्षात के दिनों में तो इस मोहल्ले के हालात ओर भी बद्तर हो जाते हैं। घरों में रहने वाले लोग बाहर नहीं निकल सकते व बदबू से परेशान रहते व बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। वार्ड के वरिष्ठजन ओमप्रकाश चौमाल ने बताया कि नाले में पानी इकट्ठा होने पर पालिका द्वारा मोटर लगाकर स्कूल के पास के नाले में छोड़ने पुरा मौहल्ला बदबू से सड़ांध मारने लगा जाता है, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो जाते हैं। लेकिन पालिका प्रशासन जानकर भी अनजान बना हुआ है।

### गोदाम में अवैध वसूली का आरोप

**चूरू,( कसं. )।** गेहूं लेकर आने वाले ट्रक चालकों ने चूरू जिला मुख्यालय पर स्थित एफ सी आई गोदाम में अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं वजन में भी हेरा फेरी करके ट्रक चालकों को नुकसान किया जा रहा है। आज हरियाणा से गेहूं लेकर आए चार ट्रक चालकों प्रेम कुमार, संदीप, लालचंद और ज्ञानी ने बताया कि ट्रक खाली करने के 'डाला' के नाम पर एक हजार रुपए प्रति ट्रक वसूले जा रहे हैं।

## जन्मदिवस पर किया जरूरतमंद छात्रों को स्कुल बैग वितरण

**रतनगढ़( निसं )।** स्थानीय चूरू फाटक के पास सेवा भारती द्वारा संचालित सावित्री बाई फुले सिलाई केन्द्र व डॉ अम्बेडकर संस्कार केंद्र पर समाजसेवी भुढाढरा परिवार द्वारा केंद्र में अध्यनरत छात्रों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। जरुरतमंदो की सहायता के लिए तत्पर रहने वाले जयपुर निवासी समाजसेवी मनोज भुढाढ़रा व सरला देवी ने अपनी पुत्री हिताक्षी हेमाणी के 19वे जन्मदिवस पर केंद्र में अध्यनरत दर्जनों छात्रों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मधु चोटिया व समाजसेवी उपेंद्र चोटिया ने जन्मदिवस पर जरूरतमंद की सहायता करने की।

## पेड़-पौधे लगाना पुण्य का काम : निकिता गुर्जर

**चूरू, ( कासं. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर मनाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत गुरुवार को नगरपालिका की

- **रतननगर के खैल मैदान में किया वृक्षारोपण**

स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा रतननगर के खैल मैदान में नरगपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर एवं अधिशाषी अधिकारी जुबेर खान की अध्यक्षता में पौध रोपण किया गया। इस दौरान स्वच्छता टीम द्वारा पौध रोपण करने के साथ-साथ उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी भी ली। इस अवसर पर बोलते हुए नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर ने कहा कि पौधे लगाना अत्यन्त ही पुण्य का काम है, क्योंकि पेड़-पौधों और प्रकृति का कोई भी विकल्प मनुष्य के पास नहीं है। अध्यक्षता कर अधिशाषी अधिकारी जुबेर खान ने कहा कि पौध रोपण वाकई एक बहुत बड़ा काम है और आने वाले समय में इन पौधों का लाभ हम सभी को मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एम्बेसडर संतोष परिहार एवं नारी शक्ति टीम के साथ पौध रोपण किया।

इस अवसर पर पार्षद विजय कुमार, विक्रम मीणा, पार्षद प्रतिनिधि रजत नायक, कनिष्ठ अभिंयता मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनोहर सिंह, शंकरलाल पूनियां, पीआरओं किशन उपाध्याय, अमित कुदाल, चिरंजीव सैनी, मोनिका, दीपिका, बंटी गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर, पवन गुर्जर, पुरूषोतमलाल, अशोक कुमार, होमेन्द्र सिंह, विकास भाटिया, श्याम सुन्दर शर्मा, आशुतोष उपाध्याय, रमेश कुमार, मनीष प्रजापत सहित स्वच्छता सैनानी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

## 23 अक्टूबर को चूरू में आयोजित होगा राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट

**चूरू, (कासं.)।** जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने गुरुवार को डीओआईटी वीसी सभागार में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट के तहत 23

- **कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने डीओआईटी वीसी सभागार में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट के तहत 23 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाले राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए**

अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाले राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट में प्रतिभागी सभी विभागों के अधिकारी निवेशकों से समन्वय करें तथा जिले में अधिक अधिक निवेश के प्रयास करें।




कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने चूरू राइजिंग इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिले की औद्योगिक प्रगति जिले व प्रदेश की प्रगति को इंगित करती है।

इसलिए अधिकारी निवेशकों को प्रोत्साहित कर औद्योगिक विकास को गति दें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवसाय हेतु भू-रूपान्तरण के मामले शीघ्र निस्तारित करें।

इस दौरान उन्होंने राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक जानकारी भिजवाने तथा सम्मिट के आयोजन से संबंधित समस्त गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने राइजिंग चूरू इन्वेस्टमेंट सम्मिट के आयोजन से संबंधित बिंदुओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि राज्य में रोजगार के अवसर सृजन करने हेतु राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट सम्मिट-2024 का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि चूरू जिले में सौर ऊर्जा, वुडन हैण्डीक्राफ्ट, सालासर में टूरिज्म इत्यादि सैक्टर्स में निवेश व रोजगार की अपार संभावनाएं है। निवेशकों को बढावा देने हेतु राज्य सरकार द्वारा नई एमएसएमई पॉलिसी, रिप्स 2024, एक्सपोर्ट पॉलिसी सहित ईज ऑफ डूइंग बिजनस जैसे प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

## पायलट जल मंदिर का लोकापण किया

**चूरू, ( कासं. )।** चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटी सहनाली चूरू में पायलट जल मंदिर का लोकापण करते हुए कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति हर पल हर क्षण सोच रखते हैं। उसी का परिणाम है कि आज देश प्रदेश के शत प्रतिशत युवा पायलट को अपनी आवाज व भविष्य मानते हैं। महनसरिया ने यह भी कहा कि सचिन पायलट आज देश में कहीं भी जाते हैं तो युवा शक्ति उनका पलक पावडे बिछाकर स्वागत करती है व युवाओं में एक नई ऊर्जा पैदा हो जाती है। इस पायलट जल मंदिर का निर्माण महनसरिया ने पायलट के 47वें जन्म दिवस पर करवाया है। कार्यक्रम के वशिष्ठ अतिथि रिटायर्ड एएसपी अयूब खान, रिटायर्ड जॉइंट डायरेक्टर अमर सिंह दनेवा ने भी समारोह को संबोधित किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सांवतराम ने अध्यक्षता करते हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में किशना राम बाबल, सुरेश कुमारी, हेम कंवर, विमला पंवार, गिरधारी लाल, तारामणि, इंदिरा कस्वां, परमेश्वर लाल, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वाती ने किया।

## एसएफआई कार्यकर्ताओं ने कॉमरेड सीताराम येचुरी को दी श्रद्धांजलि

**झुंझुनूं,।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश सयुंक्त सचिव सचिव सचिन चोपड़ा ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया कि माकपा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी को एसएफआई कार्यकर्ताओं ने मोरारका महाविद्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। एसएफआई के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि कॉमरेड सीताराम येचुरी ने अपना सार्वजनिक जीवन एक जीवंत नेता और छात्र आंदोलन के संगठनकर्ता के रूप में शुरू किया। वह दिल्ली में अपने कॉलेज के दिनों के दौरान एसएफआई के सदस्य बने और बाद के वर्षों में जेएनयू में छात्रों के सबसे लोकप्रिय और ऊर्जावान नेताओं में से एक के रूप में उभरे। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में जेएनयू के छात्रों को एकजुट करने में सीताराम येचुरी ने अहम भूमिका निभाई। वह लगातार तीन बार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। एसएफआई के जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने बताया कि कॉमरेड सीताराम येचुरी को 1984 में दमदम में हुए स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के पांचवें अखिल भारतीय सम्मलेन द्वारा अध्यक्ष चुना गया था और 1986 में विजयवाड़ा में 6वें अखिल भारतीय सम्मेलन तक उन्होंने कार्य किया। उन्होंने 1980 से 1986 तक स्टूडेंट स्ट्रगल पत्रिका के संपादक के रूप में भी कार्य किया। वे इस पत्रिका के अब तक के सबसे लंबे समय तक सेवारत संपादक रहे है। उन्हें 2015 में सीपीआई (एम) के महासचिव चुना गया था। कॉमरेड सीताराम 2005 में सांसद चुने गए और 2017 तक कार्यरत रहे। एसएफआई के सोशल मीडिया प्रभारी मोहित टंडन ने बताया कि 1975 के आपातकाल के खिलाफ कॉमरेड सीताराम येचुरी द्वारा छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया गया। जिस आंदोलन के फलस्वरुप प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को जेएनयू के चांसलर के पद से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह देश में छात्र आंदोलन की विशिष्ट घटनाओं में से एक है। लोकतंत्र और राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष आदर्शों के लिए संघर्ष में सीताराम हमेशा आगे रहे। वह देश में मेहनतकश जनता के नेता बने और उन्होंने उनके बेहतर जीवन के लिए संघर्ष किया। संसद के अंदर एक सांसद के रूप में और बाहर गरीबों के नेता के रूप में, उन्होंने भारत में श्रमिक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किए। एसएफआई के जिला कमेटी सदस्य अमित शेखावत ने बताया कि उन्होंने भारत के संविधान की रक्षा की लड़ाई में देश की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारत में फासीवादी और कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ अथक संघर्ष का नेतृत्व किया। एसएफआई के छात्र नेता विवेक बेनीवाल ने बताया कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कॉमरेड सीताराम येचुरी के जीवन और छात्र आंदोलन तथा देश की मेहनतकश जनता के लिए संघर्ष में उनके योगदान का सम्मान करता है। उनका योगदान हमेशा एसएफआई और भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी आदर्शों के लिए लड़ने वाले अन्य सभी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस दौरान रोहित गुर्जर, आकाश धनकड़, आदिल भाटी, लक्की, ऋतु, रीना, पूजा, संगीता, मोनिका, प्रियंका, अंजलि, पंकज प्रदीप, हिमांशु, रोहित धायल, सचिन पूनियां, भूपेश, निजात, इमरान कैफ, शोयब, अमित, प्रियांशु, दीपक, चंद्रशेखर योगी, आकाश, सचिन, देवेंद्र, पीयूष, नितिन, राहुल, विजेंद्र, मोहित समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।